कार्यालय

# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लोक भवन, लखनऊ

संख्या Computer no. 2018898
file no 34-13099/7/2026

दिनांक 13/02/2026

**ई-ऑफिस**

मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या 68/(ई-ऑफिस)/ 34-सां० वि०प्र०/2025 दिनांक 09दिसम्बर, 2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसमें अपेक्षा की गई थी कि एक अभियान चलाकर दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 तक कृपया इन सभी कार्यालयों को भी ई-ऑफिस से आच्छादित कराया जाए एवं प्रदेश के समस्त कार्यालयों में प्रत्येक दशा में पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। किसी भी दशा में ऑफलाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किया जाए।

2- ई-ऑफिस की नोडल संस्थाUPLC द्वारा दिनांक 02फ़रवरी, 2026 को उपलब्ध कराई गई संलग्न रिपोर्ट की समीक्षा में पाया गया कि 13 जनपदों में 32 उपजिलाधिकारी कार्यालय तथा 15 जनपदों में 68 खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयनिर्धारित अवधि के डेढ़ माह उपरान्त भी ई-ऑफिस से आच्छादित नहीं किए गए हैं, उन कार्यालयों में अभी भी पत्रावलियों एवं पत्रों का व्यवहरण ई-ऑफिस के स्थान पर मैनुअली किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है।

3- उक्त स्थिति पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अपेक्षा की गई है कि रिपोर्ट में अंकित उपजिलाधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों को अभियान चलाकर 01 पक्ष में ई-ऑफिस से आच्छादित कराया जाए तथाई-ऑफिस से आच्छादित होने के उपरान्त ही उक्त कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों का वेतन आहरित किया जाए।

किसी भी तकनीकी समस्या के निवारण हेतु https://uplc.in/en/Eoffice पर उपलब्ध ई-ऑफिस यूनिट के अधिकारियों से दूरभाष / ई-मेल के माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्नकः उक्तवत।

Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 09-02-2026
17:41:34

**(संजय प्रसाद)**
अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री।

1. - **जिलाधिकारी,**
अलीगढ़/ कानपुर नगर/ कुशीनगर/ गोरखपुर/ गौतमबुद्धनगर/ झांसी/ बाँदा/ महोबा/ मेरठ/ रायबरेली/ लखीमपुर खीरी/ वाराणसी/ सहारनपुर।

2. - **मुख्य विकास अधिकारी,**
अमरोहा/ अलीगढ/ कानपुर नगर/ गाजियाबाद/ गाजीपुर/ चित्रकूट/ जालौन/ जौनपुर/ फ़तेहपुर/ बरेली/ मथुरा/ लखनऊ/ शामली/ सीतापुर/ हरदोई।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/ सचिव / विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उ०प्र० शासन।

2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, कार्मिक/राजस्व एवं आपदा/ ग्राम्य विकास/आई.टी. एवं इलैक्ट्रॉनिक्स/ विभाग, उ०प्र० शासन।

3. आयुक्त, ग्राम्य विकास,उत्तर प्रदेश।

4. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।

5. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यू.पी.एल.सी. उत्तर प्रदेश।

6. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC उत्तर प्रदेश।

7. वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०) (श्री शैलेश श्रीवास्तव), NIC उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

Digitally signed by
ARVIND MOHAN
Date: 13-02-2026
12:37:13

(अरविन्द मोहन)
संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री।

| Summary of Tehsil offices in Districts 31-01-2026 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | District Name | Total Tehsil In District | eoffice GoLive | Not Live | Completion % |
| 1 | Gautam Buddha Nagar | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 2 | Mahoba | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 3 | Varanasi | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 4 | Jhansi | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 5 | Saharanpur | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 6 | Meerut | 3 | 1 | 2 | 33% |
| 7 | Gorakhpur | 7 | 3 | 4 | 43% |
| 8 | Kanpur Nagar | 4 | 2 | 2 | 50% |
| 9 | Kushinagar | 6 | 4 | 2 | 67% |
| 10 | Raebareli | 6 | 4 | 2 | 67% |
| 11 | Aligarh | 5 | 4 | 1 | 80% |
| 12 | Banda | 5 | 4 | 1 | 80% |
| 13 | Lakhimpur Kheri | 7 | 6 | 1 | 86% |

## Summary of Blocks offices in Districts 31-01-2026

| S.No. | District Name | Total Blocks In District | eoffice GoLive | Not Live | Completion % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ghaziabad | 4 | 0 | 4 | 0% |
| 2 | Shamli | 5 | 0 | 5 | 0% |
| 3 | Fatehpur | 13 | 1 | 12 | 8% |
| 4 | Mathura | 10 | 2 | 8 | 20% |
| 5 | Sitapur | 19 | 5 | 14 | 26% |
| 6 | Kanpur Nagar | 10 | 3 | 7 | 30% |
| 7 | Amroha | 6 | 3 | 3 | 50% |
| 8 | Chitrakoot | 5 | 3 | 2 | 60% |
| 9 | Lucknow | 8 | 5 | 3 | 63% |
| 10 | Bareilly | 15 | 11 | 4 | 73% |
| 11 | Jalaun | 9 | 8 | 1 | 89% |
| 12 | Hardoi | 19 | 17 | 2 | 89% |
| 13 | Aligarh | 12 | 11 | 1 | 92% |
| 14 | Ghazipur | 16 | 15 | 1 | 94% |
| 15 | Jaunpur | 21 | 20 | 1 | 95% |

कार्यालय

# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लोक भवन, लखनऊ

संख्या 68 /(ई-ऑफिस)/34-सा0वि0प्र0/2025 दिनांक 09/12/2025

**ई-ऑफिस**

प्रिय महोदय,

समस्त शासकीय कार्यालयों में 100% ई-गवर्नेंस की व्यवस्था प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। शासनादेश संख्या-09/2018/418/78-2-2018-80 आईटी/2017 टीसी, दिनांक 25 जून, 2018 के अनुपालन में शासकीय कार्य-पद्धति को पेपरलैस ऑफिस' में परिवर्तित करके शासकीय कार्य संचालन क्षमता में सार्थक सुधार के लक्ष्य के साथ-साथ सचिवालय स्थित समस्त विभागों / कार्यालयों में ई-आफिस प्रणाली सफलतापूर्वक संचालित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या आर-81 (ई-ऑफिस)/चौंतीस-सा0वि0प्र0-2024 दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में समस्त निदेशालयों/ मुख्यालयों/ स्वायत्तशासी संस्थाओं में भी ई-ऑफिस सफलतापूर्वक संचालित है।

2- उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 25 जून, 2018 के प्रस्तर-3 में व्यवथा दी गई थी कि "ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के उपरान्त समस्त जनपदों/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा शासन के मध्य पत्राचार, ट्रांजेक्शन तथा सूचनाओं का (Two-Way) आदान-प्रदान ऑनलाईन किया जायेगा तथा पत्रावलियों का आदान-प्रदान मैनुअली नहीं किया जायेगा।"

उक्त के क्रम में नोडल एजेंसी UPLC द्वारा दिनांक 08 दिसंबर, 2025 को उपलब्ध कराई गई संलग्न रिपोर्ट की समीक्षा में पाया गया कि **अभी भी कतिपय जनपदों में उपजिलाधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय ई-ऑफिस से आच्छादित नहीं किए गए हैं, उन कार्यालयों में अभी भी पत्रावलियों एवं पत्रों का व्यवहरण ई-ऑफिस के स्थान पर मैनुअली किया जा रहा है।** यह स्थिति कदापि स्वीकार्य नहीं है।

3- उक्त स्थिति पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपेक्षा की गई है कि एक अभियान चलाकर दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 तक कृपया इन सभी कार्यालयों को भी ई-ऑफिस से आच्छादित कराया जाए एवं प्रदेश के समस्त कार्यालयों में प्रत्येक दशा में पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। किसी भी दशा में ऑफलाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किया जाए।

किसी भी तकनीकी समस्या के निवारण हेतु https://uplc.in/en/Eoffice पर उपलब्ध ई-ऑफिस यूनिट के अधिकारियों से दूरभाष/ ई-मेल के माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।

**संलग्नक: उक्तवत।**

सादर/

(संजय प्रसाद)

प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री।

**1- समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश। (संलग्नसूची के अनुसार)

**2-समस्त मुख्य विकास अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश। (संलग्नसूची के अनुसार)

संख्या व दिनांक-तदैव।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव/ विशेष सचिव, मुख्यमंत्री उ०प्र० शासन।
2. प्रमुख सचिव, आई०टी० एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ०प्र०शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यू.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC उत्तर प्रदेश।
5. वरिष्ठ निदेशक आई०टी० (श्री शैलेश श्रीवास्तव), NIC उत्तर प्रदेश।

(अरविन्द मोहन)
संयुक्त सचिव , मुख्यमंत्री ।

| Summary of Tehsil offices in Districts as on 08-12-2025 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S. No | District Name | Total Tehsils | eoffice GoLive | Not Live | Completion % |
| 1 | Deoria | 5 | 0 | 5 | 0% |
| 2 | Gautam Buddha Nagar | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 3 | Mahoba | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 4 | Varanasi | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 5 | Lakhimpur Kheri | 7 | 1 | 6 | 14% |
| 6 | Saharanpur | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 7 | Ambedkar Nagar | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 8 | Jhansi | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 9 | Kanpur Nagar | 4 | 1 | 3 | 25% |
| 10 | Gorakhpur | 7 | 2 | 5 | 29% |
| 11 | Meerut | 3 | 1 | 2 | 33% |
| 12 | Raebareli | 6 | 2 | 4 | 33% |
| 13 | Unnao | 6 | 3 | 3 | 50% |
| 14 | Fatehpur | 3 | 2 | 1 | 67% |
| 15 | Kushinagar | 6 | 4 | 2 | 67% |
| 16 | Aligarh | 5 | 4 | 1 | 80% |
| 17 | Pilibhit | 5 | 4 | 1 | 80% |
| 18 | Banda | 5 | 4 | 1 | 80% |

| Summary of Block offices in Districts as on 08-12-2025 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No | District Name | Total Blocks | eoffice GoLive | Not Live | Completion % |
| 1 | Kanpur Nagar | 10 | 0 | 10 | 0% |
| 2 | Shamli | 5 | 0 | 5 | 0% |
| 3 | Ghaziabad | 4 | 0 | 4 | 0% |
| 4 | Gautam Buddha Nagar | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 5 | Sitapur | 19 | 1 | 18 | 5% |
| 6 | Fatehpur | 13 | 1 | 12 | 8% |
| 7 | Mathura | 10 | 2 | 8 | 20% |
| 8 | Amroha | 6 | 3 | 3 | 50% |
| 9 | Chitrakoot | 5 | 3 | 2 | 60% |
| 10 | Lucknow | 8 | 5 | 3 | 63% |
| 11 | Bareilly | 15 | 11 | 4 | 73% |
| 12 | Ghazipur | 16 | 14 | 2 | 88% |
| 13 | Hardoi | 19 | 17 | 2 | 89% |
| 14 | Jalaun | 9 | 8 | 1 | 89% |
| 15 | Aligarh | 12 | 11 | 1 | 92% |
| 16 | Unnao | 16 | 15 | 1 | 94% |
| 17 | Jaunpur | 21 | 20 | 1 | 95% |